दिन– रविवार दिनांक– 15 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दी। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और इलाज की गारंटी मिलेगी।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में कल दस–दस हजार रूपये की रशि अंतरित की जायेगी।

03. श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का त्योहार। शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु कर रहे हैं, भगवान शिव का जलाभिषेक।

04. और, टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। शाम सात बजे से कोलम्बो में खेला जायेगा मैच।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दे दी है। इस स्कीम में किसी भी तरह की सड़क दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सड़क दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज न मिलने के कारण किसी की जान न जाने पाए। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी।

---

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेलगाडियों के सामान्य डिब्बों की सफाई अब प्रथम श्रेणी के समान की जाएगी। नई दिल्ली में रेलवे सुधारों के बारे में श्री वैष्णव ने कहा कि इस उन्नत सफाई पहल के लिए अगले छह महीने में लंबी दूरी की अस्सी रेलगाड़ियों की पहचान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन रेलगाड़ियों में एक से डेढ़ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए समर्पित कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने रेलवे में बड़े सुधार लाने का फैसला किया है। इसके अंतर्गत इस वर्ष बावन हफ्तों में बावन सुधार लागू किए जाएंगे।

–––बाईट–––

---

पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली के भारत मंडपम में कल से शुरू होने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी में भाग लेगा। शिखर सम्मेलन के दौरान मंत्रालय जमीनी

स्तर पर सुशासन को मजबूत करने, प्रशासनिक दक्षता में सुधार और सार्वजनिक सेवा वितरण में उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित समाधानों का प्रदर्शन करेगा। शिखर सम्मेलन का समापन बीस फरवरी को होगा।

———————————————

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत कल पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में दस–दस हजार रूपये अंतरित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में आयोजित समारोह में दो हजार पांच सौ करोड़ रूपये डीबीटी के माध्यम से लाभुकों के खाते में भेजेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय के साथ ही पंचायत स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

———————————————

पथ निर्माण मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि जिलों की प्रमुख सड़कों को स्टेट हाईवे में बदला जायेगा। उन्होंने पटना में कहा कि सड़कों को चिन्हित कर स्टेट हाईवे के मानकों पर उनकी लम्बाई और चौड़ाई बढाई जायेगी। ऐसी सड़कें कम से कम दो लेन चौड़ी हो जायेगी। श्री जायसवाल ने कहा कि एसएच की लम्बाई बढ़ने से आवागमन सुगम होगा और प्रदेश के किसी भी हिस्से से तीन घंटे में राजधानी पटना पहुंचने का लक्ष्य हासिल हो सकेगा।

———————————————

गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने कहा है कि बंद चीनी मिलों को चालू करने के साथ–साथ नई चीनी मिल खोलने की कार्य योजना पर काम शुरू हो गया है। उन्होंने पटना में गन्ना किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि गन्ना किसानों के लाभ के लिए कई योजनाएं शुरू की गयी हैं। मंत्री ने उम्मीद जतायी कि शीघ्र ही प्रदेश चीनी उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य बनेगा।

———————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा सत्रह से पच्चीस फरवरी के बीच आयोजित होगी। इसमें पन्द्रह लाख बारह हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिसमें सात लाख पचासी हजार सात सौ छब्बीस छात्राएं और सात लाख छब्बीस हजार नौ सौ इकसठ छात्र हैं। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसर परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल एक हजार छह सौ निन्यानवे केन्द्र बनाये गये हैं। इनमें से एक सौ बावन केन्द्र को मॉडल केन्द्र बनाया गया है। वहीं, कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए दो स्तरों पर तलाशी ली जायेगी। बोर्ड के निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी जूता–मोजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर नहीं आयेंगे। उन्हें निर्धारित समय से एक घंटा पहले केन्द्र में

प्रवेश करना होगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले केन्द्र का मुख्य दरबाजा बंद कर दिया जायेगा। उसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

---

पुलिस मुख्यालय के यातायात प्रभाग ने ट्रैफिक नियमों के प्रर्वतन और चालान प्रक्रिया को लेकर नया दिशा–निर्देश जारी किया है। मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर अब मैन्युअल चालान प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी गयी है और इसके स्थान पर डिजिटल प्रक्रिया शुरू की गयी है। मुख्यालय ने कहा है कि प्रदेशभर में कुल एक हजार आठ सौ उनहत्तर हैंड हेल्ड डिवाईस आवंटित किये गये हैं, जिसके माध्यम से चालान काटना अनिवार्य होगा। नये आदेश के अनुसार अब अवर निरीक्षक से कम रैंक के पदाधिकारी चालान नहीं काट सकेंगे।

---

प्रदेश में चार सौ छत्तीस पैक्सों का चुनाव अठारह मार्च को होगा। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। प्राधिकार के संयुक्त सचिव कयूम अंसारी ने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन छह और सात मार्च को होगा। नामांकन पत्रों की जांच नौ और दस मार्च को होगी, जबकि ग्यारह मार्च को नाम वापस लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मतदान अठारह मार्च को सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा तथा मतगणना भी उसी दिन होगी।

---

महाशिवरात्रि का त्योहार आज पारम्परिक श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

महाशिवरात्रि के पावन असर पर शिवालयों और मंदिरों में अहले सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव की पूजा–अर्चना के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर, सोनपुर के हरिहरनाथ, सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, रोहतास के गुप्ताधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान मंदिर और अररिया के मां खरगेश्वरी मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा–अर्चना और जलाभिषेक किया जा रहा है। कई स्थानों पर शिव–पार्वती विवाह समारोह का भी आयोजन हो रहा है। इधर, राजधानी पटना में शिवरात्रि का मुख्य समारोह खाजपुरा शिव मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। इस मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी शामिल होंगे।

———म्यूजिक———

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने लोगों को महाशिवरात्रि की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इधर, महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि संवदेनशील इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। पटना के ट्रैफिक एसपी सागर कुमार ने बताया है कि महाशिवरात्रि पर निकलने वाली शोभा यात्रा और भीड़—भाड़ को देखते हुये आज पटना शहर में कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

———बाइट———

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। साफ मौसम और खीली धूप के कारण अधिकांश स्थानों पर तापमान में औसतन एक से दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर हल्के स्तर का कुहासा छाया रहा। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद तापमान में क्रमिक वृद्धि दर्ज किये जाने की सम्भावना है।

---

आईसीसी टी—ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच कोलंबो के. आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम सात बजे से शुरू होगा। पूल में दोनों टीमें दो—दो मैच खेलकर चार—चार अंक की बराबरी पर हैं। दोनों टीमें अपनी जीत का क्रम जारी रखने के लिए प्रयास करेंगी। भारत और पाकिस्तान के बीच टी—ट्वेंटी विश्व कप में अब तक आठ मैच खेले गये हैं। सात में भारत ने जीत दर्ज की है जबकि केवल एक मुकाबला पाकिस्तान ने जीता है।

---

ओडिशा के कटक में खेले गये सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता प्लेट ग्रुप के मुकाबले में बिहार ने सिक्किम को एक सौ अंठानवे रनों से पराजित कर दिया। कप्तान प्रगति सिंह और अपूर्वा कुमारी के शानदार शतक की बदौलत बिहार ने पचास ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर तीन सौ रन बनाये। जवाब में सिक्किम की टीम एक सौ दो रन पर ही सीमट गयी।

जमुई के एस.के. सिंह मेमोरियल स्टेडियम में माटी का बल–दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पुरूषों के नब्बे किलोग्राम भार वर्ग में कैमूर के भुभम कुमार और भोजपुर के चंदन कुमार फाइनल में पहुंच गये हैं। वहीं, महिलाओं के साठ किलोग्राम भार वर्ग में पटना की साध्वी कुमारी और गोपालगंज की कल्पना तिवारी ने फाईनल में जगह पक्की कर ली है। आज प्रतियोगिता का समापन होगा। सर्वश्रेष्ठ पहलवान को बहत्तर साल पुराना चांदी का गदा प्रदान किया जायेगा।

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज दो दिवसीय राज्य स्तरीय दिव्यांग खेल प्रतियोगिता का समापन होगा। इस प्रतियोगिता में सभी प्रमंडलों के सात सौ बीस खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

---

सुपौल के जिलाधिकारी ने त्रिवेणीगंज के राजस्व कर्मचारी राज रौशन कुमार को पंजी–दो में गड़बड़ी के आरोप में निलंबित कर दिया है। वहीं, जिले में चल रहे एग्री स्टैक परियोजना अंतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री में लापरवाही के आरोप में चार किसान सलाहकारों को बर्खास्त कर दिया गया है।

---

अररिया के जिला नियोजनालय में अठारह फरवरी को जिला स्तरीय नियोजन सह रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

---

मुंगेर जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र से पुलिस ने अवैध हथियार के निर्माण और खरीद – फरोख्त के मामले में दो हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले पर लिखा है– देशभर के छोटे शहरों के लिए बड़े बजट को मंजूरी।

दैनिक जागरण कोचिंग संचालन के लिए नये निर्देश की खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखता है– थानों में रहेगी कोचिंग संस्थानों की कुंडली, शिक्षकों का सत्यापन जरूरी।

दैनिक भास्कर ने नीट छात्रा मौत मामले में सीबीआई की कार्रवाई पर लिखा है– सीबीआई ने शम्भू गर्ल्स हॉस्टल में सीन रीक्रिएट किया, साक्ष्य जुटाया।

प्रभात खबर की सुर्खी है–पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में कल जायेंगे दस–दस हजार रूपये।

राष्ट्रीय सागर लिखता है– स्टार्टअप इंडिया फंड टू प्वाइंट ओ के लिए दस हजार करोड़। आज अखबार का शीर्षक है– भाषायी अकादमियों के कर्मचारियों के लिए बनेगी समान सेवा शर्त

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **पीएम राहत स्कीम** को मंजूरी दी। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल में भर्ती और इलाज की गारंटी मिलेगी।

02. मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत पच्चीस लाख महिलाओं के खाते में कल दस–दस हजार रूपये की रशि अंतरित की जायेगी।

03. श्रद्धा और भक्तिमय माहौल में मनाया जा रहा है महाशिवरात्रि का त्योहार। शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु कर रहे हैं, भगवान शिव का जलाभिषेक।

04. और, टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। शाम सात बजे से कोलम्बो में खेला जायेगा मैच।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।